Get More Visit : http://hindicomics.blogspot.com

TITLES CHACHA CHAUDHARY AND SABU AND THEIR CHARACTERS ARE COPYRIGHT REGISTERED BY GOVERNMENT OF INDIA FOR THE PROPRIETORS PRAN'S FEATURES, NEW DELHI. REPRODUCTION OF ANY PART OF THIS BOOK IS STRICTLY PROHIBITED. NO ACTUAL PERSON IS NAMED OR DELINEATED IN THIS FICTION COMICS. ANY SIMILARITY TO REAL HUMAN BEING OR PLACE IS PURELY COINCIDENTAL.

साब ! आप एक फिल्म टार्जन पर बनाइए.
आज की पब्लिक मनोरंजन चाहती है. टार्जन की बहादुरी के कारनामें, उसका जोखिम भरे घने जंगल में रहना, शेर और चीते से लड़ना, एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर छलांग लगाना, यह सब देख कर दर्शक चकित रह जायेंगे.
वाह! क्या आइडिया है. बुद्धू! मैं तुझे तरक्की देकर बावर्ची से अपना असिस्टेंट डायरेक्टर बनाता हूँ. तुम्हारा नाम आज से बुद्ध कुमार होगा.
लेकिन टार्जन का रोल कौन करेगा?
आज के टाप स्टार तूफान खान.
क्या वह मान जायेगा?
क्यों नहीं? आजकल मक्खनबाजी का जमाना है. हम आधा किलो अमूल बटर ले जायेंगे. मैं कपड़े बदलकर आया.

एक जगह.
आह ह ! खिड़की जाम हो गयी है. खुल नहीं रही.
साबू, रुको ! जरा यह खिड़की खोल दो.
चलो, जींगुर भान !
झटका देकर खींचने से यह खुल जायेगी.

झटका!
?
चलो, चाचाजी!
उधर.
हां, बुद्धू कुमार! अब तुम असिस्टेंट डायरेक्टर लगते हो.
बैठो, चलें!

हीरोइन किसे बनाओगे?
बाकी कलाकारों का चुनाव तूफान खान से डेट्स मिलने के बाद करेंगे. यही एक स्टार है जो सबसे ज्यादा व्यस्त है.
यह रहा उसका बंगला.
चले जाओ! फिल्म डायरेक्टरों को देखते ही मुझे शूट करने के आर्डर हैं!
साहब के पास इतनी फिल्में हैं कि आगे वह कोई फिल्म साइन नहीं कर रहे.

हमें पिछले दरवाज़े से अंदर घुसने की कोशिश करनी चाहिए. तूफान खान को साइन करना जरूरी है. वह बड़ा काम है.
पीछे का दरवाजा इधर है.
बाप रे! यहां तो ज्यादा कड़ा पहरा है.
गर्र्र र्र र्र!
वह इसलिए कि आजकल हर कोई पिछले दरवाजे से ही अंदर घुसना चाहता है.
बाऊ! वाऊ!

बुद्ध कुमार! अब क्या होगा?
हिम्मत न हारो, साब!
फिल्म स्टारों को आटोग्राफ देने का बड़ा शौक होता है. भेष बदलकर तुम यह काम आसानी से कर सकते हो.
ठीक है.
कहो? कहीं पहचान तो नहीं लिया जाऊंगा?
अब तो मुझे भी तुमको पहचानने में मुश्किल हो रही है.
लाखों का चहेता स्टार तूफानखान.
तशरीफ रखिए साहब!
रुकिए, जनाब! मैं आपका फैन हूं.

लो, मैंने अपने आटोग्राफ कर दिए.
तूफान खान! मैं फिल्म डायरेक्टर बी. बी. बावरा हूं. तुमने मेरे कांट्रेक्ट पर दस्तखत किये हैं.
ड्राइवर! गाड़ी स्टार्ट करो! उनको पकड़ना है.
हम अपनी कार वहीं छोड़ आये हैं.
परवाह नहीं. फिल्म हिट होगी तो कई कारें आ जायेंगी.
© PRAN'S FEATURES

सर! कार आगे नहीं जा सकती. सड़क के बीच खराब ट्रक खड़ा है.
अब क्या होगा ?
आपको ट्रक के पार जाना है. मैं आपकी कार ट्रक के ऊपर से उधर रख देता हूं.
देखो! उसने कार को उठा लिया.
वह कितना ताकतवर है!

अगर यह आदमी 'टार्जन' का रोल करे तो फिल्म गोल्डन जुबली मनायेगी.
तुम ठीक कहते हो.
तूफान खान! मैं यह कांट्रेक्ट फाड़ता हूं. मुझे ड्राइंगरूम टार्जन नहीं चाहिए.
मुझे अपनी फिल्म के लिए असली हीरो मिल गया है. सौ फी सदी टार्जन!
सर! जो आप चाहते थे वो हो गया कांट्रेक्ट खत्म हुआ.
बेवकूफ! फिल्म को ठुकरा देना अलग बात है और फिल्म से निकाल दिया जाना अलग. यह मेरी बेइज्जती है. पैकअप के घर चलो -- गर र र र!

डायमण्ड कामिक्स

तुम्हारा साथी मेरी फिल्म में हीरो का रोल करेगा. तुम्हें कितना मुआवजा चाहिए?
बस, दो वक्त की रोटी!
वह तो सस्ते में मान गया.
उसकी पहली फिल्म है न? एक्टरों के दिमाग बाद में बिगड़ते हैं.
पैकअप का घर.
वह अंदर ही होगा.
पैकअप! तुम्हें बी. बी. बावरा की फिल्म रोकनी है.
तूफान खान! तुमने विलेन का रोल करना कब से शुरू कर दिया?

यह वक्त मजाक का नहीं. यह उठाओ बीस हजार रुपये.
बावरा की फिल्म नहीं बनेगी.
पैकअप! हम कहां जा रहे हैं?
जंगल में. वहां फिल्म की आउट डोर शूटिंग है. हीरो की पसलियां तोड़नी हैं.
सीन है:- शेर हीरोइन को खाने के लिए झपटता है. टार्जन दूर पेड़ पर बैठा है, हीरोइन की चीखें सुनकर आता है और शेर से लड़ता है.
एक्शन!
मैंने पेड़ की शाख को थोड़ा काट दिया है ताकि जब टार्जन उस पर झूले तो गिर पड़े और छह महीने अस्पताल में बिताये.

ई ई ई!
अ आ आत!

टूटना!
धड़ाक!
आऊ ऊऊ!
वाह! सीन में कामेडी का पुट आ गया.
तूफान खान! मैं नाकाम रहा.
अब यह काम मुझे खुद करना होगा.

शूटिंग की लोकेशन पर जाकर मैं कैमरा तोड़ दूंगा. जितनी उसमें फिल्म होगी बर्बाद हो जायेगी. इस काम के लिए रात उपयुक्त है.
कैमरामैन अपने टैंट में सोया होगा.
हां, यही है उसका टैंट.
संदूक में कैमरा नहीं है.
खर्र! खर्र!
अलमारी में भी नहीं. वह गया कहां?

अरे! कैमरा तो बाहर लोकेशन पर ही है. बेवकूफ भूल गये होंगे.
मैं पत्थर मारकर इसे चकनाचूर कर देता हूं.
हूं? कैमरा ऊपर उठ गया? यह कोई कैमरा ट्रिक तो नहीं?
नहीं! मैंने इसे तार से बांध रखा है.
तुम्हारे भेजे हुए आदमी को जब पेड़ की शाख काटकर कामयाबी न मिली तो मुझे उम्मीद थी कि तुम्हारा अगला कदम कैमरे को चुराने का होगा*
* चाचा चौधरी का दिमाग कम्प्यूटर से तेज चलता है.
© PRAN'S FEATURES

एक सर्कस के खेमे पर–
मास्टर हंटरबंटर! उदास क्यों बैठे हो?
डायरेक्टर बी. बी. बावरा ने अपनी फिल्म की शूटिंग में हाथी किराये के लिए मुझे पांच सौ एडवांस दिये थे. मगर आज हाथी बीमार पड़ गया.
तुम वह पिंजरे वाला हाथी क्यों नहीं ले जाते?
वह कल ही जंगल से पकड़ा है. गुस्से में पागल है. किसी को मार डालेगा.
साहब! आपका फोन है.
आया.
यही मौका है. यह जंगली पागल हाथी लेकर उड़ जाता हूं.

हाथी को 'टार्जन' फिल्म की लोकेशन पर छोड़ दूंगा. सबको कुचल डालेगा.
उफ फ! अगला सीन तैयार है. मगर वह सर्कस का हाथी नहीं आया.
जाओ!
वाह हा! क्या नेचुरल एक्टिंग है. कैमरामैन! शाट लो!
!!

बचाओ!
स्क्रिप्ट में यह सीन तो नहीं लिखा है.
हो! हो! हीरोइन मर गयी तो फिल्म ठप!
शुक्र है मैं घासफूस पर गिरी.

धड़ाक!
कड़ड़ड़डड
बचाओ!
नर्स! मैं कितने दिन अस्पताल में रहूंगा?
कम से कम चार महीने.

फिलम स्टार तूफान खान के बंगले पर प्रोड्यूसर्स.
तूफान खान ने मुझे जो डेट्स दी थीं उनका क्या हुआ? मेरी फिलम रुकी पड़ी है.
मुझ पर लाखों का ब्याज चढ़ गया है.
वह कई महीने तक शूटिंग करने के काबिल नहीं.
मैं तबाह हो गया.
चार महीने बाद.
मिस्टर खान। अब तुम ठीक हो. घर जा सकते हो.
थैंक्यू, डॉक्टर!
STAL
ड्राइवर! क्या खबर है?
सर! बी. बी. बावरा की फिलम 'टार्जन' पूरी हो गयी है.
आज उसका प्रीमियर शो है. आपके लिए उन्होंने निमंत्रण का पास भेजा है.
सीधा थियेटर चलो.

हूँ? दर्शक आडिटोरियम में जाने के इतने उत्सुक हैं कि मुझ जैसे स्टार की तरफ देख भी नहीं रहे?
टार्ज़न
हाउस फुल
रुकिये! भीड़ इतनी उमड़ पड़ी है कि सारे फ्री पास रद्द कर दिये गये हैं.
EXIT
मैं यह फिलम हर हालत में देखना चाहता था.
जरूर देखोगे! कालू टिकट वाला जो है.
पांच का पच्चीस में.
लो!
क्यों? टिकटों की ब्लैक हो रही है?
हवलदार!

ब्लैक में टिकट बेचने वाला और खरीदने वाला दोनों अपराधी हैं.
हवालात
कुछ दिन बाद.
अखबार!
'टार्ज़न' सर्वश्रेष्ठ फिल्म घोषित.
चाचाजी! अपने घर के आगे यह लाइन कैसी?
साबू! यह प्रोड्यूसर्स हैं, जो तुम्हें अपनी फिल्मों के लिए साइन करना चाहते हैं.
रुपयों से भरा बैग.
© PRAN'S FEATURES

अली के कबूतर
खाओ मेरे बहादुरो !
अली ! तुम इन मच्छरों की झूठी तारीफ न किया करो. मेरे कबूतर ज्यादा दिलेर हैं.
मिर्जा डफली ! मेरा यह बादशाह तुम्हारे कबूतर को उड़ान में एक बार हरा चुका है. चाहो तो फिर मुकाबला करके देख लो.
© PRAN'S FEATURES

मुझे जींगा-बा की मदद लेनी चाहिए.
जींगा-बा ! अली मुझे कबूतरों की उड़ान के लिए ललकार रहा है.
उसका कबूतर उड़ नहीं पायेगा.
मेरा लोहे का बूमरांग अली के कबूतर को मार गिरायेगा और मेरे कुत्ते किंग को शिकार मिलेगा. जाओ ! मुकाबला करो.
इस बार तो मेरी जीत निश्चित है.
अली ! मुकाबला शुरू ! देखते हैं किसका कबूतर ज्यादा ऊंची उड़ान भरता है.

यह गया मेरा बादशाह!
और यह चला बूमरांग. यह हथियार कभी अपने निशाने से नहीं चूका.
ठाक ठक!
मेरा बादशाह!
यह बेईमानी है.
बाऊ! बाऊ!!
किंग! आज तुझे मोटा शिकार मिला है.

चाचा चौधरी! मेरी मदद करो! --जींगा-बा के पास लोहे का बूमरांग है जो मेरे कबूतर को मार गिराता है.
कबूतर के छत से उड़ते ही वह हथियार पक्षी पर वार करता है और वापस मालिक के पास पहुंच जाता है.
अली! मुझे अपनी छत पर ले चलो.
अब तुम्हारा कोई कबूतर नहीं मरेगा.
मिर्जा डफली! एक बार फिर कबूतरों का मुकाबला हो जाये.
हो! हो!! तुम्हारा कबूतर तो एक मीटर की दूरी भी नहीं तय कर पाता. वह मेरे जेट का क्या मुकाबला करेगा?

जाओ मेरे शेर! बाजी जीतकर लौटो!
यह मेरा पट्ठा गया.
और यह गया मेरा बूमरांग!
आ जाओ!
वाह चाचा चौधरी! इस बार जींगा-बा की नहीं चल पायी!
अली! यह इसलिए हो सका क्योंकि बूमरांग लोहे का था जिसे मेरे चुम्बक ने खींच लिया.

हैं? मेरा बूमरांग लौटकर मेरे पास नहीं आया? अली का कबूतर भी आसमान में उड़ रहा है. पहले कभी ऐसा नहीं हुआ?
मैं दूसरा बूमरांग फैंकता हूं.
तीसरा-- चौथा-- कोई तो शिकार को लगेगा.

वह चाहे दर्जन बूमरांग फैंके. चुम्बक सबको खींच लेगा.
हूँ? अली का कबूतर मेरे कबूतर से आगे निकल गया.
जींगा-बा! कमबख्त तुझे क्या हो गया है?
बूमरांग फेल हो गये तो क्या हुआ? मेरी गुलेल का पत्थर स्कड मिसाइल की तरह मार करता है.
जाओ पैट्रियट! उस मिसाइल को रोको!
कड़ाक क!
मैं उस कबूतर को बंदूक से मार डालूंगा.
जींगा-बा की खबर लो!
ठांय!
धड़ाक!
ओह ह!
तड़ाक!
गोली कबूतर को लगी!
लेकिन बेवकूफ! यह मेरा कबूतर है!

फिल्म एक्ट्रेस
सारा दिन निठल्ले बैठना और चाय पीना. बस यही काम रह गया तुम्हारे लिए.
दूसरों के झगड़ों में यूंहि अपनी टांग अड़ाते रहेंगे. न अपने घर की फिक्र है न बीवी की.
अजी, कान खोलकर सुन लो. अगर मकान की मरम्मत न हुई, तो छत बरसात में छलनी की तरह टपकेगी.
चाचा चौधरी, जब तक घर में रहता है, बेचारे को बीवी की जली-कटी सुननी पड़ती है.
?
अब यह रूई कानों से निकाल दूं.
© PRAN'S FEATURES

साबू! कहां से आ रहे हो?
रेलवे स्टेशन से. दो चार टन लकड़ी माल गाड़ी में चढ़ानी थी. वहीं बम्बई की फिल्म एक्ट्रेस गुलगुलबानो आपका पता पूछ रही थी.
फिल्मएक्ट्रेस? नक्षत्र अच्छे नहीं हैं.
चौधरी! रुको!
भागो!
शुक्र है, जान बची.
लोग गुलगुलबानो के पीछे भागते हैं. मुझे तुम्हारे पीछे भागना पड़ा.
क्या चाहती हो?

तुम से शादी. बम्बई के फिल्म स्टार्स, डायरेक्टर्स और प्रोड्यूसर्स, सब मेरे पीछे दीवाने हैं. लेकिन औरत का दिल गोरखधंधे की तरह रहस्यपूर्ण है.
आया तो तुम्हारे पर.
मर गये!
क्यों?
बानो! मैं पहले से शादीशुदा हूं.
तो तुम दो बीवियां रख लो.
एक ने ही मेरी हालत पतली कर रखी है, दूसरी बीवी न जाने मेरा क्या हाल करेगी?
ओह! यह कागज कैसा?
ऊपर से उड़कर आया है.

इस चिट्ठी पर स्वास्तिक बना है और कुछ लिखा है. शायद देवताओं ने यह चिट्ठी भेजी है.
पढ़ो!
बेवकूफ़! अगर पढ़ी-लिखी होती तो क्या मैं फिल्म लाइन में जाती?
लाओ, मैं पढ़ता हूं.
लिखा है, यह शादी अशुभ होगी.
अच्छा? अगर हम इस चेतावनी की परवाह न करें और शादी कर लें तो?
तुम्हारी सारी फिल्में फ्लाप हो जायेंगी और जिन फिल्मों में तुम हीरोइन का रोल कर रही हो, वे सारी 'श्रीदेवी' के पास चली जायेंगी और तुम्हें मां या दादी के रोल करने पड़ेंगे.
नहीं!
मुझे बम्बई की गाड़ी पकड़नी है.
चाचा चौधरी! मेरी चिट्ठी उड़कर इधर आयी है?
पंडित राहूकेतू! जिस पर स्वास्तिक बना है, क्या यही है वह?
हां, डिब्रूगढ़ में एक शादी होने वाली थी. लेकिन लड़का मंगली निकला. इसलिए शादी रोकनी पड़ी

जूता चोर
अहा! सवेरा हो गया. भागवान! उठो और कामकाज शुरू करो.
अरे? मेरे जूते? रात को सोने से पहले मैंने उन्हें उतारकर चारपाई के नीचे रखा था.
क्या हुआ?
रात को मेरे जूते गायब हो गये.
हैं? मेरी चप्पलें भी गायब हैं
कहीं रात को कोई चोर तो नहीं घुस आया?
नहीं, मैं घर के दरवाजे बंद करके सोयी थी.
675/1987

अब क्या होगा?
होना क्या है? नये जूते खरीदो.
ठीक है. बाजार चलने को तैयार हो जाओ.
मैंने बकरे को बाहर घूमने के लिए छोड़ दिया है. कुछ खा आयेगा.
खायेगा क्या? गांव में सूखा पड़ा है. घास का तिनका दिखाई नहीं देता.
मैं कहती हूं कि तुम इस बकरे को बेच क्यों नहीं देते?
पागल हो गयी है? किसी कसाई के हाथ लग गया तो वह इसे चीरफाड़ देगा.

भाई गणेशी! जूते दिखा.
अरे बाग बिहारी! पिछले हफ्ते ही तो आप दोनों मियां बीवी मेरी दुकान से जूते खरीदकर ले गये थे. वे इतनी जल्दी टूटने वाले तो नहीं थे?
वे जूते टूटे नहीं, चोरी हो गये हैं.
ठीक है. तुम लो कैनवस के बूट. सस्ते और पायदार.
और आप लीजिए ये रबड़ की हवाई चप्पलें. खूबसूरत और चलने में आरामदह.
चलो भागवान! आज रात कोई खिड़की या दरवाजा खुला नहीं रहना चाहिए.
बूट हाउस

बकरे! अंदर चलो. काफी घूम लिए
रात को-
खर्र खर्र! खर्र! खर्र!
सवेरे-
हैं? मेरे कैनवस के बूट कहां गये?
और मेरी हवाई चप्पलें भी गायब!
आज रात तो सारे दरवाजे और खिड़कियां बंद करके सोयी थी.
गणेशी! जूते दिखा!
फिर चोरी?
मैंने नये कैनवस के बूट और हवाई चप्पलें तो पहना दी हैं लेकिन घर जाने से पहले आप एक बार चाचा चौधरी से मिल लो.

चाचा चौधरी! मुझ गरीब की मदद करो. कुछ दिनों से हमारे जूते चोरी जा रहे हैं.
बेवकूफ! हम बैंक डकैती और ऐसी दूसरी बड़ी चोरियों का पता लगाते हैं जिनमें करोड़ों रूपयों का घपला हुआ हो.
साबू! शांत हो जाओ. इस गरीब के लिए तो जूते जाना ही बड़ी चोरी है.
हां, दोस्त! बताओ, क्या समस्या है?
मैं बागबिहारी हूं. कुछ दिनों से मेरे और मेरी पत्नी के जूते गायब हो जाते हैं. सुबह हम नये जूते खरीदते हैं. रात को वे फिर चोरी हो जाते हैं.
मैं गरीब हर रोज जूते खरीदने के लिए पैसे कहां से लाऊंगा.
चलो, मुझे अपना घर दिखाओ.

गांव में वैसे ही सूखा पड़ा है. सारी खेती चौपट हो गयी और ऊपर से ये मुसीबत?
बारिश देना ऊपर वाले का काम है. जूते चोर को पकड़वाना मेरा काम.
हम सिर्फ तीन प्राणी हैं- मैं, मेरी दूसरी पत्नी और एक बकरा. रात को हम खिड़कियां और दरवाजे बंद कर लेते हैं.
अरे? आप इस बकरे को बाहर क्यों निकाल रहे हैं?
आज रात को यह बाहर बंधा रहेगा.
आप क्या समझते हैं कि यह बकरा हमारे जूते खा जाता है?
बस, अब अंदर सोते हैं.

ख्र्र्!
ख्र्र्!
ख्र्र्!
आधी रात.
बाग बिहारी! उठो और अपने जूते देखो.
हैं? सारे जूते गायब?
साथ में तुम्हारी दूसरी पत्नी भी लापता है.
आओ! वह ज्यादा दूर नहीं गयी होगी.
अरे? मेरी पत्नी अपने जुआरी और निखट्टू भाई के घर जा रही है?
श! श! धीरे बोलो. देखो, आगे क्या होता है.?

शाम! लो, आज तीन जोड़ी हैं.
वाह! बहुत हो तो ऐसी. इनको बेचकर जो पैसे आयेंगे उनसे ताश की दो बाजियां ज्यादा लगेंगी
धोखेबाज औरत! जब मैंने पैसे देने से इंकार कर दिया तो तुमने जूते चुरा कर अपने भाई की मदद करनी शुरू कर दी?
मुझे माफ कर दो! अब मैं ऐसा नहीं करूंगी.
मैं कान पकड़ता हूं. मैं जुआ नहीं खेलूंगा.
सुबह
चाचाजी! एक बात समझ में नहीं आयी. मेरी पत्नी अपनी चप्पलें भी क्यों चुराती थी.
एक की बजाय दो जोड़ी जूते बेचने पर ज्यादा पैसे मिलते हैं. पत्नी पर तुम्हारा शक भी नहीं होगा.
मगर आपने इस बेचारे बकरे को बाहर क्यों बांधा था?
तुम्हारी पत्नी को भ्रम में डालने के लिए.
मान गये आपका दिमाग कम्प्यूटर से तेज चलता है.